एमयूएन 'मंथन' : विद्यार्थियों ने शोध, तर्क और संवाद में दिखाई प्रतिभा

सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय आयोजन



कासं/अजमेर।

विचारों की गहराई, तार्किक अभिव्यक्ति और वैश्विक दृष्टिकोण को मंच प्रदान करते हुए सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित दो दिवसीय 'मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन-मंथन' एमयूनएन 1.0 रविवार को संपन्न हुआ। इसमें विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय संबंधों, कूटनीति, मानवाधिकारों, राजनीतिक प्रक्रियाओं और समसामयिक वैश्विक चुनौतियों को समझने का अनूठा अवसर मिला। विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों और नीति-निमार्ताओं की भूमिकाओं का निर्वहन करते हुए विद्यार्थियों ने शोध, तर्क, संवाद और विचार-विमर्श के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सम्मेलन का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वतंत्र चिंतन, प्रभावशाली वक्तृत्व, समस्या समाधान, निर्णय क्षमता और जिम्मेदार नेतृत्व के गुणों को विकसित करना रहा।कार्यक्रम में सात समितियों इंटरनेशनल प्रेस, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद, संयुक्त राष्ट्र महासभा, मार्वल, इंडियन प्रीमियर लीग तथा अखिल भारतीय राजनीतिक दलों के मंच का गठन किया गया। प्रत्येक समिति ने अपने निर्धारित विषयों और कार्यक्षेत्र के अनुरूप विमर्श को आगे बढ़ाया। प्रतिभागियों ने तथ्यों पर आधारित वक्तव्य प्रस्तुत किए, विभिन्न दृष्टिकोणों का विश्लेषण किया और तर्कपूर्ण चर्चा के माध्यम से अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने का प्रयास किया। इन गतिविधियों ने विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर दिया कि किसी भी जटिल मुद्दे का समाधान केवल विचार रखने से नहीं, बल्कि दूसरों के दृष्टिकोण को समझने, तथ्यों का विश्लेषण करने और संवाद के माध्यम से सहमति बनाने से संभव होता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम आयुक्त गौरव बुडानिया उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.मालती माथुर रहीं। समारोह में स्कूल के निदेशक, संयुक्त सचिव, वरिष्ठ शैक्षणिक सलाहकार एवं प्राचार्य की उपस्थिति भी रही।

प्रतिभागी नकद पुरस्कार से सम्मानित

समापन पर प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन के माध्यम से स्कूल ने अनुभवात्मक शिक्षा, वैश्विक जागरूकता और सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया।

पत्रिका

ज्ञान क्षमता, नेतृत्व कौशल की दिखी झलक



अजमेर @ पत्रिका. सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन 1.0- मंथन का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय संबंधों, कूटनीति, मानवाधिकारों, राजनीतिक प्रक्रियाओं और समसामयिक वैश्विक चुनौतियों को समझने का अवसर मिला। इंटरनेशनल प्रेस, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद , संयुक्त राष्ट्र महासभा, मार्वल, इंडियन प्रीमियर लीग, अखिल भारतीय राजनीतिक दलों के मंच का गठन किया गया। प्रत्येक समिति ने अपने निर्धारित विषयों और कार्यक्षेत्र के अनुरूप विमर्श किया। नगर निगम आयुक्त गौरव बुढानिया, प्रो. मालती माथुर विशिष्ट अतिथि रहे। विद्यालय के निदेशक, संयुक्त सचिव, वरिष्ठ शैक्षणिक सलाहकार एवं प्राचार्य ने स्वागत किया। विद्यार्थियों की ज्ञान, क्षमता और नेतृत्व कौशल की झलक नजर आई। अतिथियों ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यपुस्तकों के ज्ञान अर्जित तक सीमित नहीं हैं। विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने, स्वतंत्र रूप से सोचने, तर्कपूर्ण निर्णय लेने और समाज के प्रति जिम्मेदारियों को समझने की जरुरत हैं। श्रेष्ठ प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।